तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

12 ग्रामीण डाक जीवन बीमा से मिली आर्थिक सुरक्षा...



13 महान विभूतियों के आदर्शों का अनुकरण करना हर ....





## खबर संक्षेप

### पेंशनरों को डाकघर से मिलेगा जीवन प्रमाणपत्र

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में भारतीय डाक विभाग पेंशनभोगियों की सुविधा को व्यान में रखते हुए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जारी करेगा। पेंशनभोगी अब अपने निकटतम डाकघर में जाकर आसानी से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनवा सकते हैं। इस कार्य के लिए बस्तर डाक संभाग में 1288 प्रशिक्षित एंड यूजर कर्मचारी 2 प्रधान डाकघर, 48 उपडाकघर एवं 1238 शाखा डाकघरों में तैनात हैं। जो डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी करने एवं अपलोड करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पेंशनभोगियों को हर वर्ष नवम्बर में अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। जिसके अभाव में पेंशन रोकी जा सकती है। यह सुविधा नवंबर माह तक उपलब्ध रहेगी। पेंशनभोगी पेंशन पेमेंट आर्डर नंबर, पेंशन आईडी, आधार संख्या, आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक व अन्य वैध फोटो पहचान पत्र लेकर जाएंगे । यह सुविया केन्द्रीय सरकारी पेंशनभोगी, राज्य सरकार के पेंशनभोगी, ईपीएफओ पेंशनभोगी, रक्षा, रेलवे एवं अन्य सरकारी विभागों के पेंशनभोगी के लिए है। यह जानकारी अधीक्षक डाक विभाग ज्ञानेश कुमार मिश्रा ने दी है।

### वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव 12 को

**बीजापुर।** शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव वर्ष का जिला स्तरीय आयोजन 12 नवम्बर को मिनी स्टेडियम बीजापुर में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न लोक कला दल पारंपरिक लोक नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसी एक दल का चयन राज्य स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव में किया जाएगा जो 18 नवम्बर को जिला अंबिकापुर सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में संयुक्त रूप से शामिल होगा।

### परचनपाल की संकुल बैठक में डाटा एंट्री कार्य पर चर्चा

**भोण्ड।** कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में आज तीन संकुलों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीआरसी अजम्बर कोरम द्वारा की गई। बैठक में बीआरसीने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे यूडीआईएसई डाटा एंट्री कार्य शीघ्र पूर्ण करें, साथ ही सभी विद्यार्थियों की आधार आईडी एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षिक गुणवत्ता स्तर में सुधार के लिए प्रत्येक शिक्षक को सतत प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एआर नोनहरे, सीएसी विष्णु यादव, कमल उइके सहित तीनों संकुलों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का तीसरा बैच शुरू

**बीजापुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पुनर्वास केंद्र बीजापुर में साक्षरता केंद्र का तीसरा बैच आज से प्रारंभ किया गया। इस बैच में कुल 92 आत्मसमर्पित नक्सली असाक्षर साक्षर बनने की दिशा में अध्ययन करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव लखनलाल धनेलिया, जिला परियोजना अधिकारी, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कमलदास झाड़ी, नोडल अधिकारी बसमैया अंगनपल्ली एवं कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित शिक्षार्थियों को पढ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। जिला परियोजना अधिकारी झाड़ी ने स्थानीय गोंडी बोली में सरल शब्दों में साक्षरता के लाभों को समझाएं जिससे शिक्षार्थियों को विषयवस्तु को समझने में आसानी हुई।

# जल को सहेजने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का बड़ा माध्यम बनेगा: गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़े आरापुर तथा मण्डवा पेदापारा में आज विकास को गति देने वाले योजना का शुभारंभ किया गया। विधायक विनायक गोयल ने लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले स्टाप डेम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। विधायक गोयल ने कहा कि यह स्टाप डेम क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करेगा, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करेगा और आने वाले वर्षों में किसानों की आय में वृद्धि का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्राम विकास, सिंचाई, पेयजल एवं कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी दिशा में यह परियोजना जल संसाधन को सहेजने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का एक बड़ा कदम है। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी जिससे गांव में खुशहाली आएगी।

## 6 करोड़ के स्टापडेम का विधायक ने किया भूमिपूजन

### हर किसान के खेत तक पहुंचे पानी

विधायक ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर किसान के खेत तक पानी पहुंचे। कोई भी गांव विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा तय समयसीमा में इसे पूर्ण किया जाए ताकि ग्रामीणों को लाभ मिल सके।





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, नारायण सिंह ठाकुर, मिटकु राम कश्यप जमुना कुंजाम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंचायत पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## तैयारी : अखिल भारतीय बाघ आंकलन का 6 वें चरण के लिए हुआ प्रशिक्षण

# इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में जमीन पर पग चिन्हों से बाघों की होगी गणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर में 2026 में बाघों की गिनती शुरू होगी। यह गिनती बाघों की बढ़ती आबादी और उनके फैलाव का सटीक रिकॉर्ड रखेगी। इस गणना में अन्य वन्यजीवों और जंगल के माहौल का भी जायजा लिया जाएगा। यह भारत के राष्ट्रीय पशु को बचाने के प्रयासों का हिस्सा है। जमीन पर बाघों के पैरों के निशान खोजना, सैटेलाइट से तस्वीरें लेना, कैमरा ट्रैप लगाना और फिर मिले डेटा का विश्लेषण करना शामिल है। इन सभी तरीकों से गिनती में सटीकता आएगी।

शहर के सरगीपाल डिपो में अखिल भारतीय बाघ आंकलन वर्ष 2025-26 का वृत्त स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह भारत में बाघ आंकलन का 6 वें चरण है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाघ आंकलन के साथ-साथ मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य प्राणी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु गणना किया जाना है। यह गणना संभावता वर्ष 2026 के जनवरी से अप्रैल माह तक पूरे भारत मे पूर्ण किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित एनटीसीए से एआईजी नन्द किशोर काले, डॉ. अनिल देशलहरे एवं डब्ल्यूएलएल (छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक) से डॉ. अनुप द्वारा सर्वे में बाघ, तेंदुआ, भालू, लकड़बग्गा, भेड़िया, सोन कुत्ता आदि मांसाहारी जीव एवं वन भैंसा गौर आदि विशालकाय जीव के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष दर्शन, शाकाहारी वन्य जीव के प्रत्यक्ष दर्शन, लेंडी एवं मल गणना, वनस्पति, वृक्ष, झड़ी, खरपतवार, शाखीय पौधे की गणना मानवीय व्यवधान का सर्वे एवं कै मरा ट्रेपिंग प्रशिक्षण दिया गया। गणना एंड्रॉयड मोबाईल के एम-स्ट्रीपेस इकोलॉजीकल एप के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जगदलपुर वन वृत्त एवं इन्द्रावती टायगर रिजर्व वन्यजीवन वृत्त जगदलपूर एवं वन विकास निगम के समस्त वन मण्डल के वन मण्डलाधिकारी, सहायक वनसंरक्षक, परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वन रक्षक एवं पट्रोलिंग गार्ड उपस्थित हुए।





### गणना से बाघ की बढ़ेंगी संख्या

इन्द्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर वन्यजीवन एवं क्षेत्रीय निदेशक के मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मण्डावी ने बताया कि बाघ आंकलन का 6 वें चरण में जनवरी से आईटीआर में शुरू किया जाएगा। आईटीआर में लगभग 8 बाघ होने की संभावना है और गणना से इसकी संख्या बढ़ेंगी। गणना में सबसे पहले बाघों के पैरों के निशान, मल और पेड़ों पर उनके निशान इकट्ठा करेंगे।

### बदलाव का भी लेंगे जायजा

जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि गणना से राष्ट्रीय पशु को विलुप्त होने से बचाने और संरक्षित इलाकों को मजबूत करने के प्रयासों को दर्शाती है। सर्वे करने वाले वन्यजीवों की गणना के साथ-साथ जंगल के फैलाव, वहां के माहौल की सेहत और पर्यावरण में हो रहे बदलावों का भी जायजा लेंगे।

# अवैध परिवहन, पिकअप से 44 बोरी अवैध धान जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला प्रशासन के निर्देश पर बास्तानार बाजार में शनिवार को टीम ने पिकअप की तलाशी में 44 बोरी अवैध धान मिला, जिसे जप्त कर कार्रवाई की जा रही है। बस्तर जिले के ग्राम तोकापाल तहसील मेन रोड में 407 पिकअप क्रमांक सीजी 17 एच 2068 में बास्तानार बाजार में धान लोंडिग कर जगदलपुर की ओर जा रही थी, जिसे रोका गया। इसमें 44 बोरी में धान, 32 प्लास्टिक बोरी में मक्का एवं 6 बोरी में कोदो कुटकी का परिवहन किया जा रहा था। इस पर तोकापाल के एसडीएम, तहसीलदार, केशलूर के राजस्व निरीक्षक, रायकोट के पटवारी द्वारा रोक कर पूछताह की। इसमें वाहन चालक से परिवहन संबंधित दस्तावेज एवं मंडी की रसीद पर मण्डी सचिव से सम्पर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि धान खरीदी के संबंध में कोई रसीद नही कटाई गई हैं, उसमें लदे मक्का के लिए 745 क्विंटल का रसीद काटा है। धान परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज मौका से उपलब्ध कराने कहा गया, धान के दस्तावेज प्राप्त नहीं होने से 44 बोरी धान की गाड़ी सहित जप्ती बताई गई।

# मांझीपाल में पारंपरिक हीलिंग सेंटर के लिए कांगेरघाटी उद्यान ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के मांझीपाल में पारम्परिक हीलिंग सेंटर शीघ्र बनाया जाएगा। सेंटर में नंगे पांव एवं वन में ध्यान किया जाएगा, क्योंकि वन अनुसंधान के अनुसार ठंडे इलाकों के जंगल क्षेत्र में एक खास किस्म के रासायनिक तत्व होते हैं। यहां नंगे पांव चलने पर सफेद रक्त कणिकाओं की मात्रा बढ़ती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इस सेंटर बनाने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है, टेंडर के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। सेंटर में पर्यटकों को स्थानीय वैद्यराज से बीपी, शुगर जांच की जाएगी और उनका उपचार किया जाएगा। इसमें विभिन्न गतिविधियां होगी, जिनमें मानसिक तनाव दूर होने के साथ शरीर को स्वच्छ रखने में भी मदद मिलेगी। इसमें मानव इंद्रियों की संवेदना को प्रकृति से जोड़कर मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं का उपचार होगा है, ताकि मानसिक शांति की की अनुभूति हो सके। पर्यटक आदिवासी वेशभूषा पहनकर भी आदिवासियों के कल्चर को समझ सकेंगे, साथ ही दोना पत्तल में स्वादिष्ट व्यंजन का लुफ्त उठा पाएंगे।

### शीघ्र बनेगा हीलिंग सेंटर

कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया के मांझीपाल के जंगल में शीघ्र ही ट्रेडिशनल हीलिंग सेंटर बनाया जाएगा। सेंटर में स्थानीय वैद्यराज से पारम्परिक चिकित्सा में पोषण संबंधी परामर्श, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, तनाव, चिंता, दुःख और आघात को दूर करना, शरीर में संतुलन लाना, बीमारी का इलाज किया जाएगा।

### पटवारी कार्यालय में ताला ग्रामीण चक्कर काट रहे



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड मुख्यालय और एसडीएम कार्यालय के पास स्थित राजनगर पटवारी कार्यालय में हमेशा ताला जड़ा रहता है। जिससे राजस्व संबंधी काम को लेकर किसान पटवारी के चक्कर लगाने मजबूर है। पटवारी आए दिन अपने कार्यालय में ताला लगाकर गायब रहते हैं । ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन हम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन पटवारी से मुलाकात नहीं हो रही है। इस संबंध में राजनगर सरपंच मोहन भारती से संपर्क करने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस संबंध में बकावड तहसीलदार जोगेश्वरी गावड़े से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षक किसी अन्य काम में व्यस्त होंगे।

# शहीद देवेन्द्र कुमार सेठिया की प्रतिमा का अनावरण शहादत को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने शनिवार को बस्तर जिले के ग्राम धोबीगुड़ा आसना के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में माओवादी बारुदी विस्फोट में शहीद देवेन्द्र कुमार सेठिया की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देवेन्द्र कुमार की शहादत बस्तर के नवजवानों को माओवाद के खात्मे के लिए सतत प्रेरित करती रही है। सेठिया परिवार द्वारा प्रतिमा स्थापित किए जाने की पहल का स्वागत करते हुए देव ने कहा कि यह प्रतिमा हमें सतत नक्सलमुक्त बस्तर और यहां सुख-शांति व सर्वतोमुखी विकास के लिए प्रेरित करती रहेगी। देवेन्द्र कुमार और उन जैसे असंख्य जवानों की शहादत ने शांत छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार किया है। विदित हो कि 8 नवम्बर 1992 को धोबीगुड़ा में जन्में देवेन्द्र कुमार सेठिया केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में 12 सितम्बर 2013 को सिपाही जीडी के पद पर ग्रुप केन्द्र बिलासपुर में भर्ती हुए थे। तथा प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत 196 बटालियन में तैनात रहे। बीजापुर जिले के ऊसूर थानान्तर्गत गलगम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में 19 अप्रैल 2024 को शहीद हो गए। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए परिजनों की ओर से उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है ।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल, शहीद की माता दयमती सेठिया, बहन पिंकी सेठिया, भाई योगेन्द्र सेठिया, एस. अरुण कुमार डीआईजी रेंज जगदलपुर, एन.के. सिंह डीआईजी सीआरपीएफ जितेंद्र कुमार, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, जनपद अध्यक्ष सोनवारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे, मण्डल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, धनुर्जय कश्यप, गजानंद दास व सरपंच संतोष कश्यप सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विजेता टीम को मिलेगा 1.5 लाख

# सिटी ग्राउंड में होगा फुटबॉल का महाकुंभ, दस प्रांतों की 16 टीमों के बीच मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सिटी ग्राउंड में एक बार फिर फुटबॉल का रोमांच दिखेगा। 15 से 23 नवंबर तक होने जा रही अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा को लेकर शहर के फुटबॉल प्रेमियों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह आयोजन जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में होगा, जिसमें देश के 10 राज्यों की 16 टीमें भाग लेंगी।

जिला फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप दास एवं वरिष्ठ सदस्य यशवर्धन राव ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि यह स्पर्धा राष्ट्रीय फुटबॉल संघ के मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है। इस बार दक्षिण भारत के केरल से लेकर उत्तर भारत के पंजाब, पूर्व के चित्रकोंडा (ओड़िशा) से लेकर पश्चिम के रब्बानी क्लब कामठी (महाराष्ट्र) तक की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में शामिल प्रमुख टीम पीएसएफ बेंगलुरु, सीएफवाई चित्रकोंडा (ओड़िशा), एनएफसी बचेली, तमिलनाडु पुलिस चेन्नई, वाईज़ेक इलेवन,डीएफए बस्तर,एजी कोची (केरल), पंजाब, बक्सर (बिहार),केरला पुलिस, रामकृष्ण मिशन नारायणपुर, डीएमएफटी झारखंड,एमीजी बेंगलुरु,रब्बानी क्लब कामठी, नागेश केरल और एसीवी गेरवा (कोरबा) मुकाबला करेंगी। सचिव ने बताया कि विजेता टीम को 1.5 लाख, जबकि उपविजेता टीम को 1 लाख नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं।




### गोल्ड कप की विरासत, अब नगद इनाम

गौरतलब है कि बस्तर में वर्षों तक गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है। लेकिन अब उसकी जगह नगद इनाम ने ले ली है। पिछले वर्ष यह अखिल भारतीय टूर्नामेंट इंदिरा प्रियदर्शिनी अंतरराष्ट्रीय टर्फ मैदान में हुआ था,जबकि इस बार बस्तर का चिरपरिचित सिटी ग्राउंड इस भव्य आयोजन की मेजबानी करेगा। सचिव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एनएमडीसी, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, खेल एवं युवक कल्याण विभाग, मीडिया, व्यापारियों और शहर के फुटबॉल प्रेमियों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

### सहयोग के नाम पर कोई गड़बड़ी न करें संघ की अपील

जिला फुटबॉल संघ के वरिष्ठ सदस्य यशवर्धन राव ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ अवांछित तत्वों ने संघ के नाम पर व्यापारियों से सहयोग राशि ली थी,जिससे संघ को आपत्ति हुई थी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की फुटबॉल स्पर्धा के नाम पर किसी को सहयोग दें तो रसीद अवश्य लें।बिना रसीद किसी को धनराशि न दें, ताकि ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी लापरवाही, हाईवे पर मवेशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुप्रीम कोर्ट ने मवेशियों को हाईवे से हटाने के आदेश दिए हैं। बावजूद इसके राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशी नजर आ रहे हैं। शनिवार को देर शाम संभाग मुख्यालय से महज 4 किलो मीटर दूर ओड़िशा मार्ग पर आड़ावाल पंचायत के ओरना कैम्प में बड़ी संख्या में मवेशी सड़क में रहे। व्यवसायिक बस्ती में जागरूक लोग और पंचायत प्रतिनिधि होने के बावजूद सुप्रीम आदेश पर लापरवाही नजर आ रही है।

# अवैध धान परिवहन रोकने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने दिए सख्त निर्देश

## लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण और बेहतर पुलिसिंग के लिए ली गई क्राइम मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भापुसे ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारियों की क्राइम समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल, बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

एसपी ने कहा कि धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ हो रही है। इस दौरान सरहदी क्षेत्रें में अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए चेक पोस्ट स्थापित कर गहन जांच की जाए। साथ ही अवैध शराब, जुआ–सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए।

### फरियादियों से मित्रवत व्यवहार की हिदायत

एसपी श्री चंद्रा ने सभी थाना प्रभारियों को कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करें और उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने असामाजिक तत्वों की निगरानी, रात्रि पेट्रोलिंग और पॉइंट ड्यूटी लगाने के भी आदेश दिए।



### क्राइम मीटिंग में वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल मुख्यालय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) रूपेश कुमार डाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अजाक के.पी. मरकाम सहित सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### कम्युनिटी पुलिसिंग और चलित थाना की व्यवस्था पर जोर

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जनसंपर्क बढ़ाने, जनता की शिकायतों को चलित थाना लगाकर तत्काल निराकरण करने और नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### खुटपारा सोनाबाल स्कूल में 'बैगलेस डे' पर हस्तशिल्प कार्यशाला

**कोण्डागांव।** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा को रचनात्मक और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल में बैगलेस डे शनिवार को एक विशेष हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने तुमा हस्तशिल्प कला का जीवंत प्रदर्शन देखा और उसमें सहभागिता की। कार्यशाला का संचालन प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कमलादेवी चट्टोपाध्याय राष्ट्रीय जूनियर पुरस्कार दिल्ली शासन द्वारा प्रदत्त विजेता शिल्पकार अनिल विश्वकर्मा ने तुमा सूखी लौकी से वस्तुएं बनाकर बच्चों को हस्तशिल्प की कला, प्रक्रिया और सांस्कृतिक महत्ता समझाई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और स्वयं भी कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा की प्रधान अध्यापक श्रीमती संगीता ठाकुर के नेतृत्व में वहाँ के छात्र–छात्राओं ने भी कार्यशाला में सहभागिता की।प्रधान अध्यापक हितेंद्र श्रीवास ने कहा नई शिक्षा नीति बच्चों में सीखने के साथ करने की भावना को बढ़ावा देती है। इस तरह की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों की रचनात्मकता, स्वावलंबन और कौशल को विकसित करती हैं।

### धान खरीदी को लेकर गंभीर नहीं है सरकार : संतराम नेताम



**केशकाल।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सहकारिता विरोधी, कर्मचारी विरोधी और किसान विरोधी करार देते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कहा है कि सरकार की अकर्मण्यता के चलते छत्तीसगढ़ के 2739 उपार्जन केदो में धान खरीदी को लेकर संशय की स्थिति है। समर्थन मूल्य पर खरीब सीजन 2025-26 के उपार्जन शुरू होने में बमुश्किल एक हफ्ते का समय बचा है लेकिन अब तक कोई तैयारी सरकार के स्तर पर नजर नहीं आ रही है। उल्टे छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पड़ा हुआ है जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी भी सरकार की उपेक्षा से व्यथित होकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे चुके हैं, उपार्जन केंद्रों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भी सहकारी समितियों के कर्मचारी के हड़ताल को अपना समर्थन दे दिया है, ऐसे में छत्तीसगढ़ के किसान चिंतित हैं कि धान की खरीदी आखिर होगी कैसे।

## भारतीय डाक विभाग हर घर सुरक्षा, हर परिवार का विश्वास के संकल्प के साथ कर रहा कार्य

# ग्रामीण डाक जीवन बीमा से मिली आर्थिक सुरक्षा, परिवार को संकट के समय मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग के ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के तहत ग्राम गारावंडी की निवासी श्रीमती घसन्तीन बाई ने 1,00,000 का बीमा शाखा डाकघर गारावंडी लेखा कार्यालय पिपराबहिगांव में कराया था। उन्होंने 3 वर्ष 2 माह तक नियमित रूप से लगभग 17,000 का प्रीमियम जमा किया। दुर्भाग्यवश उनके आकस्मिक निधन के पश्चात, विभाग द्वारा उनके दावाकर्ता राम सिंह जुर्री को 1,18,730 की राशि का भुगतान किया गया। यह राशि डाक जीवन बीमा द्वारा परिवार को संकट के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रमाण बनी। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों को बताया गया कि बीमा केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवार की सुरक्षा की गारंटी है। कार्यक्रम में गारावंडी के सरपंच, भूतपूर्व सरपंच, वार्ड पंच, स्वास्थ्य विभाग की नर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह सदस्य और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- बीमा योजना से परिवार को मिली आर्थिक राहत



### अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस आयोजन में उपसंभागीय निरीक्षक फरसगांव सुभाष कुमार भुआर्य, महेंद्र वैध, ठाकेश्वर साहू, ललित नेताम, भूपेंद्र साहू, राजा राम पाण्डेय, कंचन और पूजा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरपंच महोदय द्वारा दावाकर्ता को राशि प्रदान की गई, साथ ही ग्रामीणों को बीमा योजना की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया।

### छोटी बचत, बड़ा सहारा डाक विभाग का वादा

इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा न केवल आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि ग्रामीण परिवारों में वित्तीय सशक्तिकरण और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। छोटी बचत, बड़ा सहारा यही है भारतीय डाक विभाग का वादा। भारतीय डाक विभाग अपने समर्पित स्टाफ के माध्यम से हर गाँव, हर परिवार तक सुरक्षा और विश्वास पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# अव्यवस्थाओं के बीच बस्तर ओलंपिक खेल का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

ब्लॉक के ग्राम आलोर परछीपारा में आयोजित तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल का समापन अव्यवस्थाओं के बीच बुधवार की देर शाम स्थानीय जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों के उपस्थिति में किया गया। इस खेल में फरसगांव ब्लॉक के जूनियर और सीनियर वर्ग के 1779 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लेकिन इस खेल प्रतियोगिता में अवस्थाओं का आलम दिखने को मिला। खेल के शुभारंभ सोमवार को अव्यवस्थाओं के बीच किया गया । पहले दिन शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से खिलाड़ियों को खुले में शौच के लिए जंगल जाना पड़ा। खबर प्रकाशित होने के बाद दूसरे दिन संबंधित जिम्मेदारों के द्वारा जंगल किनारे स्थानीय रूप से हरे नेट से घेरा बना दिया गया। जिसमें मात्र खिलाड़ी लघु शंका ही कर सकते थे। खिलाड़ियों को आखिर शौच के लिए जंगल ही जाना पड़ा। तीनों दिनों तक खिलाड़ियों के साथ ड्यूटी पर लगे शिक्षक और कर्मचारी भी परेशान हुए। कुछ लोगो ने तो यह भी बताया कि भोजन और पानी व्यवस्था भी ठीक से नहीं थी।

- नेट से बनाया बाथरूम, आखिर शौच के लिए खिलाड़ियों को जाना पड़ा जंगल

# ट्रेन से गांजे की तस्करी कर रहे ओडिशा के दो तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रेन से गांजा परिवहन करते हुए जगदलपुर पहुंचे दो अंतराजर्यीय तस्करों को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश में रेलवे स्टेशन की कार पार्किंग में खड़े हैं। टीम मुखबिर के बताये स्थान में जाकर घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संजय नाग 21 वर्ष व समीर सागरिया 20 साल दोनों निवासी नर्सरी कॉलोनी डोंगरीगुडा जयपुर ओडिशा का रहने वाला बताया। आरोपियों के कब्जे से 2 पैकेट में रखा 3 किलो गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 30 हजार रूपए आंका गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, अहिलेश नाग, सुनील मनहर, आरक्षक होरीलाल आर्मो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व विपिन मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल



# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने पदोन्नति और शिक्षकों की समस्याओं पर डीईओ से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला कोंडागांव के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ से मुलाकात कर शिक्षकों से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों और लंबित मुद्दों पर चर्चा की। फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति, प्राथमिक शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त करने, उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने के आदेश जारी करने तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं से अवगत कराया। डीईओ महोदया ने सभी बिंदुओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान 32 शिक्षकों की पदोन्नति के बाद जनवरी और फरवरी 2025 माह का वेतन एरियर्स जारी करने पर सहमति बनी। फेडरेशन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए डीईओ का आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष मदन राठौर, जिला संयोजक शंकर लाल नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष मानसाय मरकाम बड़ेराजपुर, उपेंद्र कोमा कोंडागांव, नीलम मेश्राम केशकाल, अरुण कुमार दीवान, रामू राम सिन्हा, हितेंद्र पांडे, दौलत मेश्राम, प्रेमराज नेताम, रामानंद मंडावी, थानूराम पोर्ते उपाध्यक्ष केशकाल तथा जिला सचिव गुलेन्द्र कुमार पटेल उपस्थित रहे।

- जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव से मुलाकात कर मांगों से कराया अवगत

# रजत जयंती वर्ष पर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों को दी गई सफलता के सूत्रों की सीख

- आदिवासी विकास विभाग की पहल–सिविल सेवा से लेकर कौशल विकास योजनाओं तक पर हुआ मार्गदर्शन
- वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर सामूहिक गायन और प्रश्नोत्तरी से कार्यक्रम में उमंग का संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर विकास खंड स्तरीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी विकास विभाग, कोंडागांव के सौजन्य से प्री–मेट्रिक विज्ञान छात्रवास भवन, कोंडागांव में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन से हुई, जो वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा, राज्य सेवा, व्यापम, एनईईटी, डी.एल.एड, बी.एड, जैसी प्रमुख परीक्षाओं की तैयारी और संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा सफलता की कुंजी है लक्ष्य की स्पष्टता और सतत प्रयास। विद्यार्थी अभी से दिशा तय करें और योजना बनाकर आगे बढ़ें। विकास खंड शिक्षा अधिकारी जगमोहन भोयर ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही उज्वल भविष्य का आधार है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए अनुशासन और निरंतरता बनाए रखनी चाहिए। लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य पुनेश्वर वर्मा ने रोजगार और स्वावलंबन के अवसरों पर जानकारी दी। उन्होंने शासन की कौशल विकास और उद्यमिता योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकारी योजनाएं युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के द्वार खोल रही हैं।





### वंदे मातरम आधारित प्रश्नोत्तरी और संवाद सत्र

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच वंदे मातरम गीत के इतिहास और महत्व पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मंडल संयोजक रोशन सहारे, एमडीएम प्रभारी बृजलाल कोर्राम, छात्रवास अधीक्षक एम.आर. कोमरे, मधुबाला सिंह, सूरज नेताम उपस्थित रहे। मंच संचालन छात्र अध्यक्ष रयतु कश्यप ने किया। उनके साथ मनिषा नेताम, कमलेश मरकाम, उमेश सोरी, सोनू सोरी, नमिता दुग्गा, कविता नेताम, प्रमिला मरकाम, प्रियंका सोरी सहित विज्ञान छात्रवास के सभी विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग ने संभाली कमान

# सुपोषित जीवन अभियान के तहत फरसगांव में निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में सुपोषित जीवन अभियान का शुभारंभ किया गया है।

इस अभियान के तहत शुक्रवार की शाम को महिला बाल विकास विभाग के फरसगावं परियोजना के अधिकारी गोदावरी कोर्राम के नेतृत्व में फरसगांव नगर में सुपोषित जीवन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित, अतिथियों का स्वागत, रंगोली, तथा बच्चों के द्वारा फुलझड़ी जलाया गया, उसके उपरांत नगर मसाल रैली निकाली गई। जिसमें अतिथियों के द्वारा उत्साहपूर्वक नगरवासियों से आह्वान किया गया कि कुपोषण दूर करने में जनसहभागिता लें।




**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, पार्षद सुमन जायसवाल, नरेंद्र गौर, भाजपा मण्डल महामंत्री प्रवीण राव, सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### कुपोषण के खिलाफ जंग है जरूरी

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी ने कहाँ कुपोषण के इस जंग में सभी विभाग का सहयोग आवश्यक है। कुपोषण एक ऐसी बीमारी है, जो दिखती नही है. बच्चा खेलता कूदता है, स्कूल भी जाता है तथा भोजन भी करता है पर वह कुपोषण से प्रभावित होता है। जो बच्चे कुपोषित होता है उनका रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाता है, इस लिए बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है। बच्चा एक बार कुपोषित होने पर 6 वर्ष के पहले सुपोषित न होने की स्थिति में आगे की जीवन यापन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब भी आंगनबाड़ी के द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र ले जाने के लिए बोला जाता है, अभिभावको को चाहिए कि तत्काल बच्चे को पोषण पुर्नवास केन्द्र भेज दे।

# विकास नगर स्टेडियम में युवाओं ने सीखी दौड़ पुल-अप, बैलेंसिंग और गड्ढा कूदने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में टेरिटोरियल आर्मी भर्ती की तैयारी को लेकर फिजिकल टेस्ट अभ्यास सत्र का आयोजन विकास नगर स्टेडियम में किया गया। यह अभ्यास सुबह 6 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले युवकों को 1600 मीटर दौड़ पुल–अप, 9 फीट गड्ढा कूदना और बैलेंसिंग जैसे सभी फिजिकल टेस्टों का प्रशिक्षण दिया गया। पूर्व सैनिक परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 18 नवंबर को हेडक्वार्टर कोसा, नया रायपुर में टेरिटोरियल आर्मी की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं को भर्ती के अनुरूप तैयारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि कोण्डागांव जिले से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हो सके। परिषद के सदस्यों ने बताया कि जिले में युवाओं को फोर्स की सभी भर्ती प्रक्रियाओं के लिए निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में युवक, युवतियाँ एवं ट्रांसजेंडर प्रतिभागी भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं जो समाज में समान अवसर और सशक्तिकरण का संदेश दे रहा है।



### कार्यक्रम में रहे ये प्रमुख उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी पूर्व सैनिक सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक सूरज यादव, सदस्य पूर्व सैनिक रतिराम सोरी, पूर्व सैनिक राकेश धीवर, तथा निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक एवं युवतियाँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 50 सीटर प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास का शुभारंभ

**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुदमा में 50 सीटर प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। नवीन छात्रावास भवन का निर्माण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। अतिथियों ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई-लिखाई, आवासीय सुविधाओं तथा छात्रावास में उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली और उन्हें आगे की पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रीति आरकी, जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, जनपद पंचायत अध्यक्ष दशरी कोरसा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र लेकाम, घासी राम नाग ग्राम पंचायत गुदमा की सरपंच नीता शाह, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग देवेन्द्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवीन छात्रावास भवन के प्रारंभ से क्षेत्र की छात्राओं को शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनके शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन



**बीजापुर।** वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला कार्यालय स्थित इन्द्रावती सभाकक्ष में एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, कलेक्टर संबित मिश्रा, जी. वेंकट, घासी राम नाग, श्रीनिवास मुदलियार सहित नगरपालिका के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। देशभर में वन्दे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया गया, जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से समस्त शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संस्थाओं में किया गया। इसी क्रम में बीजापुर जिले में भी राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत स्थानीय कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति के जोश और उत्साह से सराबोर रहा। जिला कार्यालय के साथ-साथ जिला पंचायत, सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों में भी वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

## निधन

### विद्याधर दास



**भानपुरी।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पखनाकोंगेरा निवासी कबीरपंथी महंत विद्याधर दास 80 का शुक्रवार की देर शाम निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार शनिवार को गृह ग्राम में किया गया। जहां क़बीरपंथी समाज सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। विद्याधर दास डड़सेना कलार समाज जिला बस्तर के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरी के कार्यकारी अध्यक्ष श्याम दीवान के पिता थे।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर मेटापाल में बढ़ी जागरूकता, मिले उपचार और परामर्श के नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेटापाल में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके तथा सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में, एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. देशदीपक की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

■ **शिविर में 15 मानसिक रोगी और 12 सामान्य रोगी पंजीकृत हुए**

इस अवसर पर डीएमएचपी जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जांच, परामर्श और उपचार सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में कुल 15 मानसिक रोगी और 12 सामान्य रोगी पंजीकृत हुए, जिन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क प्रदान की गईं।



शिविर के दौरान मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा आयोजित की गई, जिसमें तनाव प्रबंधन, सामुदायिक सहयोग और प्रारंभिक सहायता जैसे विषयों पर व्यवहारिक सुझाव साझा किए गए। डॉ. देशदीपक ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को 'टेली मानस' सेवा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य परामर्श हेतु निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1800-89-14416 पर संपर्क कर सकता है। यह सेवा 24×7 उपलब्ध है।

शिविर में डॉ. बारले, जीवन नाग बीपीएम तथा विक्रम सिंह मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्थानीय मितानिनों, स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## राष्ट्रीय एकता यात्रा का ऑडिटोरियम जावंगा में समापन

# महान विभूतियों के आदर्शों का अनुकरण करना हर भारतीय का कर्तव्य : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत के लौह पुरुष और महान राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ऑडिटोरियम जावंगा गीदम में समापन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि यह पदयात्रा 6 नवंबर को संध्या मेढका डोबरा से प्रारंभ हुई थी

■ **सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पदयात्रा का हुआ आयोजन**

जिसके तहत पद यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिधिगण द्वारा कारली में रात्रि विश्राम किया गया था। इसके पश्चात सुबह पदयात्रियों द्वारा ऑडिटोरियम हॉल जावंगा पहुंचकर समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बस्तर सांसद महेश कश्यप ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज हम भारत के लौह पुरूष और महान राष्ट्रीय निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के ऐतिहासिक दिवस पर कृतज्ञतापूर्वक उनके असीम योगदान का स्मरण कर रहे है, हमारा देश राम, कृष्ण, बुद्ध,महावीर जैसे महान




विभूतियों का देश रहा है। इसी देव भूमि में सरदार पटेल जैसे महान लौह पुरुष का जन्म हुआ। जिन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बाँधा। आज हमें उसी भाव को पुनः जागृत करना है भारत की अखंडता और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है। हम सबको 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को जीवन में उतारना है। सरदार पटेल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि राष्ट्र के वास्तविक शिल्पकार थे, जिन्होंने भारत की राजनीतिक एकता की नींव रखी। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम अपने देश को स्वदेशी, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के रूप में विकसित कर सकते हैं। उनके जन्म दिवस मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी को उनके अभूतपूर्व योगदान और त्याग से परिचित कराना है। उन्होंने आग्रह किया कि हम न केवल उनके जन्म दिवस मनाये साथ ही साथ उनके चरित्र और आदर्शों के मार्ग पर चलने का संकल्प भी लें। उन्होंने ने आगे कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस भारत का स्वप्न देखा था, वह अखंड और सशक्त भारत का था। सांसद कश्यप ने युवाओं से आव्हान किया कि आज के युवा भारत के भविष्य के निर्माता हैं। उन्हें सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता, सुरक्षा और विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी का भाव हर भारतीय में होना चाहिए। विधायक चैतराम अटामी ने भी इस अवसर पर कहा कि आज हम भारत के संपूर्ण नक्शे का अवलोकन करते है तो हमे याद रहना चाहिए कि भारत को दुनिया के नक्शे दर्शाने का संपूर्ण श्रेय लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को जाता है। इस महान शख्सियत ने अभावों में अपनी पढ़ाई पूरी करके लंदन, बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की और महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता संग्राम में वकालत छोड़कर कूद पड़े और देश को न केवल आजादी दिलाया बल्कि आजादी के बाद देष के एकीकरण जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य को अपने इच्छा शक्ति और लौह निर्णयों के बलबूते पूरा किया जिसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

समापन कार्यक्रम के अंत में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग संबंधी संकल्प पत्र उपस्थित जनों को दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिपं उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि वेंकट, संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बच्चों को गलत दृष्टि से घूरना भी है लैंगिक अपराध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता मसराम के मार्गदर्शन में जिलेभर में बाल सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों, नशे, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से सुरक्षित रखना तथा बाल अधिकारों के प्रति समाज और अभिभावकों की भूमिका को सशक्त बनाना है। विकासखंड भैरमगढ़ के सभी वार्डों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, पोषण भी पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर जैसे विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान स्कूलों, आश्रमों, कॉलेजों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों को बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों एवं अधिनियमों की जानकारी दी जा रही है। लैंगिक अपराधों के प्रति सख्त प्रावधान- अधिकारियों ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों को किसी भी प्रकार से गलत दृष्टि से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना या अनुचित तरीके से छूना लैंगिक अपराध की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार किशोर न्याय अधिनियम में यह प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति किसी बच्चे को नशा कराता है या नशे का सामान बेचता है, तो उसे 1 लाख रुपये जुर्माना एवं 2 वर्ष की सजा हो सकती है। गोपनीयता और न्याय का संरक्षण- लैंगिक अपराध के मामलों में पीड़ित की पहचान और गोपनीयता बरती जाएगी। दोष सिद्ध होने की स्थिति में कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है। बाल अधिकारों की रक्षा में समाज की भागीदारी आवश्यक -कलेक्टर मिश्रा कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा, बाल सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर अभिभावक, शिक्षक और नागरिक को बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। सहायता और हेल्पलाइन- जागरूकता अभियान के दौरान नागरिकों और बच्चों को निम्न हेल्पलाइनों की जानकारी दी गई चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइनः 181, अभियान में शामिल अधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार कार्य में शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, नवीन मिश्रा संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, संदीप चिड़ेम, राजकुमार निषाद, अविनास नायक, राजेश मड़े, सतीश कुरसम, रंजीता, पुष्पा, कुशमलता चाइल्ड हेल्पलाइन की सक्रिय भूमिका रही।

# गहन मतदाता पुनरीक्षण के दौरान धान कटाई व अन्य कार्यों के बीच भी बूथ लेवल अधिकारियों की पहुंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

राज्य में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान धान कटाई जैसे कृषि कार्यों के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, अधिकारी समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

बस्तर तहसील अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 84 के अंतर्गत नारायणपुर क्षेत्र में कुल 83 बूथ लेवल अधिकारी कार्यरत हैं, वहीं बस्तर विधानसभा क्रमांक 85 में 71 बूथ लेवल अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे हुए हैं। बस्तर तहसील के मतदान केंद्र क्रमांक 138 महुपालबरइ में ग्राम कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पटेल सहित जागरूक एवं शिक्षित मतदाता भी सक्रिय सहयोग करते देखे गए। बूथ लेवल अधिकारियों के साथ-साथ पर्यवेक्षक भी मौके पर पहुंचकर सहयोग कर रहे हैं। ग्राम के कोटवार द्वारा मुनादी कर मतदाताओं को गणना पत्र भरने और आवश्यक दस्तावेज बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे अभियान को सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। रिटर्निंग ऑफिसर गगन शर्मा लगातार कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं और बूथ लेवल अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दे रहे हैं।

महुपालबरई में उपस्थित पर्यवेक्षक शैलेन्द्र तिवारी, बूथ लेवल अधिकारी महेन्द्र सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती ठाकुर, प्रेमवती ठाकुर, तथा ग्राम कोटवार और पटेल ने संयुक्त रूप से मतदाता पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण



**बस्तर।** बस्तर ओलंपिक के तहत बस्तर विकासखंड में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में 8 जोन जूनियर वर्ग में 7350 एवं सीनियर वर्ग में 6880 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया था।जोन के विजेता प्रतिभागी खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 3750 प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप सहित जनप्रतिनिधियों ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कार वितरण किया गया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख रूप से 100 मीटर,200 मीटर,400 मीटर दौड़,खो-खो,कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, बैडमिंटन,फुटबॉल,तीरंदजी, भाला फेक, तवा फेक,गोला फेक,ऊंची कूद, लंबी कूद खेल संपन्न करवाए गए।पूरे 8 जोन में ओवरआल चैंपियन प्रथम करंदोला जोन एवं द्वितीय मधोता जोन एवं तृतीय बस्तर जोन रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, रामानंद मिश्रा, समीर मिश्रा,चंदन झा, नरेंद्र जोशी, सुस्मिता मिस्त्री,जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेन्द्र, सीएमओ तरुणपाल लहरे,एबीईओ सुशील तिवारी,पंचायत निरीक्षक दिनेश साहू, चंद्रशेखर जैन,आजम्बर कोर्राम,अमित कुजूर, केशव प्रधान, विशाल दिवान, चंद्रभान मिश्रा, मनीष वर्मा,नंदकुमार पटेल, सहित बड़ी संख्या में खेल शिक्षक, शिक्षिकाए स्कूली बच्चे ग्रामीण नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर (बस्तर) की ओर से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को चार सूत्रीय लंबित मांगों के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियां राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, परंतु कर्मचारियों की लगातार लंबित मांगों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

■ **कर्मचारियों की लंबित मांगों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई**

खाद्य विभाग ने धान खरीदी वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मांग रखी, जिनमें प्रमुख हैं। धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुखत को मान्य कर राशि समितियों को प्रदान की जाए। धान खरीदी वर्ष 2024–25 की कंडिका 1.10 के अनुसार



परिवहन पश्चात संपूर्ण सुखत समिति को मिले अथवा प्रति सप्ताह संपूर्ण परिवहन सुनिश्चित किया जाए वर्ष 2024–25 में शून्य शार्टेज प्रोत्साहन का प्रावधान किया जाए तथा विभिन्न कमीशन एवं प्रासंगिक व्यय में वृद्धि की जाए मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को प्रतिमाह 3000 रुपये दिए जाएं।

कलेक्टर द्वारा नामित धान खरीदी प्रभारी अधिकारी को धान परिदान मिलान एवं सुखत की अंतिम जिम्मेदारी लिखित में दी जाए। धान खरीदी नीति 2024–25 की कंडिका 11.3.3 में आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति को समाप्त कर विभागीय कार्य में कमी करते हुए नियमितीकरण लागू किया जाए।

### मांगें पूर्ण न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संयुक्त संगठन-छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ रायपुर ने स्पष्ट कहा है कि चार सूत्रीय लंबित मांगें शीघ्र पूरी न होने पर इस वर्ष की धान खरीदी प्रक्रिया का बहिष्कार कर निश्चित कार्य आंदोलन किया जाएगा। किसानों की सेवा में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश की सभी 2058 सहकारी समितियां किसानों को धान खरीदी, खाद्य वितरण एवं शासन की अन्य योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं कर्मचारियों ने कहा कि उचित सुविधाएं एवं अधिकार मिलने से ही वे किसानों को और सुदृढ़ सेवा दे सकते हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र.-202511161800004/
अ-2/2024-25

ग्राम- बारसूर, प.ह.नं.-06, तहसील-बारसूर

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री चन्दन राम कश्यप पिता श्री रसिया कश्यप निवासी दंतेवाडा, तहसील दंतेवाडा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9302880608 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- बारसूर, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. बारसूर, तहसील बारसूर में स्थित भूमि खसरा नं. 835/13 रकबा 0.0800 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 19/11/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती शिशु मंदिर में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज : गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मां भारती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया गया, जिसके बाद सामूहिक ध्वज लेकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया गया। इस अवसर पर भैया-बहनों ने वंदे मातरम गीत को बड़े उत्साह के साथ गाया और इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। गीत के महत्व को समझाते हुए विद्यालय



के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि बंकिम चंद्र चटर्जी ने इस गीत को 1875 में लिखा, जो आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। यह गीत देशवासियों के स्वाभिमान, आत्मबल और देशभक्ति की भावना को जगाने में सार्थक साबित हुआ। विद्यालय में इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकला और वंदे मातरम गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भैया-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने भैया-बहनों को वंदे मातरम गीत के महत्व और देशभक्ति की भावना के बारे में विस्तार से बताया।

# गांव की मिट्टी से नेशनल मंच तक दिनेश ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिले के छोटे से ग्राम मुंजाकांकेर विकासखंड उसुर के प्रतिभावान खिलाड़ी दिनेश कुरसम 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर-19 बालक वर्ग में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता 13 से 17 नवम्बर तक मांडरवारा, मध्यप्रदेश में आयोजित की जाएगी। दिनेश वर्तमान में एसएजीईएस हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में अध्ययनरत हैं तथा बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में रहकर पिछले चार वर्षों से वॉलीबॉल का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें एनआईएस वॉलीबॉल



कोच भवानीचरण सामल से प्रशिक्षण मिल रहा है। दिनेश इससे पहले भी लगातार दो बार राष्ट्रीय वॉलीबॉल चौंपियनशिप में भाग ले चुके हैं। कोच भवानीचरण सामल ने बताया कि दिनेश एक बेहद अनुशासित मेहनती और प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। यदि इसी तरह अभ्यास जारी रखेगा तो निश्चित रूप से उच्च स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगा। दिनेश की इस उपलब्धि पर कलेक्टर संबित मिश्रा, ग्रामवासियों, एसएजीईएस विद्यालय के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी उप जिलाधिकारी डिप्टी कलेक्टर एनपी गवेल तथा सहायक खेल अधिकारी, शिक्षा विभाग ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।बीजापुर के इस छोटे से गांव मुंजाकांकेर का यह युवा आज पूरे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने मध्यप्रदेश जा रहा है, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बीएलओ ने आईजी, कलेक्टर एवं एसपी को गणना पत्रक प्रदान किया



**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बूथ लेबल आफिसर्स आईजी सुंदरराज पी , कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के आवास में जाकर गणना पत्रक प्रदान किया। साथ ही आवश्यक दस्तावेज संकलित किया।

### बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**गीदम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेक्टर गीदम की बैठक रेस्ट हाउस गीदम में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जोन मंडल अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री रविश सुराना ने की। बैठक में संगठन सशक्तिकरण एवं नगर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में नगर में कांग्रेस संगठन को और मज़बूत बनाने के लिए रणनीति तय की गई, युवाओं को कांग्रेस के विचारों से जोड़ने व सक्रिय सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया गया, नगर में चल रहे विकास कार्यों में हो रही गड़बड़ियों एवं अनियमितताओं पर चर्चा कर जवाबदेही तय करने की बात रखी गई। आम नागरिकों को हो रही मूलभूत सुविधाओं की दिक्कतों पेयजल, सड़क, सफाई आदि पर चिंता जताई गई, साथ ही संगठन के आगामी जनसंपर्क एवं बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

# 1.95 करोड़ की लागत से शहर की सड़कें हो रहीं चकाचक

## लोक निर्माण विभाग का महत्वपूर्ण पैच रिपेयर कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र. एक शहर के साथ-साथ तोकापाल और बकावंड विकासखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों को सुगम यातायात हेतु बीटी (बिटुमिनस कंक्रीट) पैच रिपेयर कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए विभाग को एक करोड़ 95 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह कार्य एक अक्टूबर को विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया था और कार्ययोजना के अनुसार इसे दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में बीटी पैच रिपेयर का 40 प्रतिशत लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। शेष 60 प्रतिशत कार्य को 5 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता को जल्द ही गुणवत्तापूर्ण सड़कों का लाभ मिल सके।





मरम्मत किए जा रहे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पंचपथ चौक और पुराना गुरुद्वारा रोड शामिल हैं, जहां किए गए बीटी पैच रिपेयर कार्य से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। विभाग का उद्देश्य है कि यह पहल न केवल गड्ढों से मुक्ति दिलाए, बल्कि इन व्यस्त मार्गों पर यातायात को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक बनाए।

## कमिश्नर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

# धरातल पर नजर आए योजनाओं के क्रियान्वयन का परिणाम : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बस्तर संभाग के सभी सीईओ जिला पंचायत की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

इस दिशा में प्रत्येक जरूरतमंद पात्र ग्रामीणों को लक्षित कर उन्हें योजनाओं से सेचुरेशन किया जाए। बस्तर अंचल के नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में विशेष तौर पर योजनाओं के कारगर कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रीत कर हरेक योजनाओं का सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि शासन की मंशा ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास की है। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाएं। उन्होंने बस्तर ईलाके के युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से बस्तर ओलम्पिक का सफल आयोजन करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।



कमिश्नर ने क्षय रोग एवं मोतियाबिंद मुक्त बस्तर बनाने के लिए क्षय रोग एवं मोतियाबिंद पीड़ितों की पहचान के उपरांत उनका सघन उपचार हेतु जनसहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि क्षय रोग पीड़ितों की मदद हेतु ग्राम पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों सहित अधिकारियों-कर्मचारियों को निक्षय मित्र बनाएं और इन क्षय पीड़ितों को आवश्यक पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाएं।

कमिश्नर ने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को न्यौता भोज से लाभान्वित किए जाने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, मैदानी अमले के सहयोग सहित स्थानीय ग्राम पंचायतों और पंचायत पदाधिकारियों एवं प्रमुख व्यक्तियों की सहभागिता से न्यौता भोज का आयोजन करने कहा।

### दिव्यांगजनों को दें कृत्रिम अंग

कमिश्नर ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय के लिए जिला स्तर पर चिन्हांकन शिविर आयोजित कर एक निर्धारित अवधि पश्चात उन्हें कृत्रिम अंग प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त पुनीत कार्य के लिए समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लेने कहा।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, गीता रायस्त और पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन विभागों के अधिकारी मौजूद थे। वहीं अन्य जिलों से सभी सीईओ जिला पंचायत वर्चुअल रूप से जुड़े रहें।

# सांसद ने किया सामाजिक भवन के लिए भूमिपूजन

## 10 लाख की राशि स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/तोंगपाल

बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने तोंगपाल तहसील के गायत्री मंदिर परिसर के समीप सामाजिक एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। भवन निर्माण हेतु उन्होंने अपनी सांसद निधि से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस अवसर पर सांसद कश्यप ने माँ गायत्री एवं भगवान शिव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की।कार्यक्रम के दौरान सांसद ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और स्थानीय मांगें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक भवन केवल आयोजनों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह ग्रामवासियों की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का भी प्रतीक बनेगा। समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में यह भवन उपयोगी सिद्ध होगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य बैदन नाग, जनपद सदस्य रघु मुचाकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरि मंडावी, महामंत्री सोमारु नाग, ग्राम सरपंच, ग्रामवासी एवं गायत्री परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उत्साह और उल्लास से भरे इस कार्यक्रम में विकास की नई ऊर्जा और बस्तर की एकता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

### सांसद निधि से ग्रामीण विकास को मिली नई गति

सांसद महेश कश्यप द्वारा सांसद निधि से 10 लाख रुपये की स्वीकृति से तोंगपाल क्षेत्र में सामाजिक भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह भवन आने वाले समय में ग्रामवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशिक्षण और जनकल्याणकारी आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। सांसद ने कहा कि हर ग्राम को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना ही उनका लक्ष्य है, ताकि ग्रामीण अंचल में विकास की रौशनी हर घर तक पहुंचे।

# संघर्षरत कर्मचारियों के साथ न्याय होना चाहिए : बघेल

**जगदलपुर।** विधायक लखेश्वर बघेल स्वयं मंडी प्रांगण पहुंचे और आंदोलनरत सहकारी कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। विधायक ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी समिति के कर्मचारियों की मांगें न्यायोचित हैं। सेवा की स्थिरता, वेतनमान, पदोन्नति और अन्य सुविधाओं के लिए वर्षों से संघर्षरत कर्मचारियों के साथ न्याय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महत्वपूर्ण वर्ग को आज भी अपने अधिकारों के लिए हड़ताल पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इन मांगों को विधानसभा और शासन स्तर पर गंभीरता से उठाएंगे तथा समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने विधायक बघेल के आगमन पर उनका स्वागत किया और समर्थन के लिए आभार जताया। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक शासन उनकी चार सूत्रीय मांगों को स्वीकार नहीं करता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने दोहराया कि वेतन विसंगतियों का निराकरण, सेवा का नियमितीकरण, पदोन्नति नीति में पारदर्शिता और सेवा शर्तों में सुधार जैसी मांगें पूरी तरह से न्यायसंगत हैं। सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते धान उपार्जन, उर्वरक वितरण और अन्य कृषि संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिससे किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



# गौरव पथ मेन मार्केट में हो रहा अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

गौरव पथ पर मुख्य सड़क में अतिक्रमण और मोटर साइकिल रिपेयरिंग बिना किसी रोक-टोक के धड़ल्ले से हो रहा है। जिससे मार्ग में आने जाने वालों को परेशानी हो रही है। अतिक्रमण से गंभीर दुर्घटना का अंदेशा है। बचेली में वैसे भी खदान क्षेत्र होने के कारण प्रतिदिन भारी वाहनों, डम्पर, टिप्पर और लौह अयस्क से भरे हुए सैकड़ो ट्रको का रोजाना इसी मुख्य मार्ग से आना जाना लगा रहता है।

अतिक्रमणकरियो ने धीरे-धीरे सड़क को अपने जद में ले लिया है। जिससे सड़क सकरी होने के साथ ही राहगीरो एवं वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जबकि पुलिस के अफसर प्रतिदिन इसी सड़क से गुजरते है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में नगरपालिका के सीएमओ ने एक दो दिन में निरीक्षण और कार्यवाही करने की बात कही है।

# सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य का पुरस्कार पाकर लौटने पर बच्चों ने किया शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार के प्राचार्य जी शिवा रेड्डी मुंबई से बेस्ट प्रिंसीपल अवार्ड लेकर शुक्रवार को अपने विद्यालय पहुंचे। जहां बच्चों और शिक्षकों ने प्राचार्य का शानदार स्वागत करते पुष्प माला पहनाकर बधाई दी। प्राचार्य रेड्डी ने कहा कि मेरे तथा विद्यालय के लिए यह एक गौरवशाली पल है। जिसको मैं सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को समर्पित करता हूं । पूरी लगन से आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। भविष्य में मेरा प्रयास रहेगा कि मेरे विद्यालय के शिक्षक भी इस तरह के अवार्ड प्राप्त करें। प्राचार्य ने समस्त स्टाफ, बच्चों तथा कर्मचारीगण का आभार प्रकट किया।

# शैक्षणिक समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त संचालक को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नव पदस्थ संयुक्त संचालक शिक्षा एचआर सोम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। स्थानीय शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

1998-99 से कार्यरत एलवी संवर्ग शिक्षकों की समस्याएं अब भी अनसुलझी होने की बात प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव डेंसनाथ पांडे ने बताई। तब से कार्यरत एलवी संवर्ग शिक्षकों की सर्विस बुक का अब तक संभागीय कोषालय में संधारण नहीं हुआ है। इसके साथ ही एनपीएस एवं ओपीएस अंशदान राशि की प्रविष्टियां पासबुक में दर्ज न होने से शिक्षकों को आर्थिक जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने पदोन्नति में पारदर्शिता की मांग की।



आग्रह किया कि प्रधान पाठक मिडिल स्कूल पदोन्नति प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से काउंसलिंग के माध्यम से की जाए। वरिष्ठता सूची में प्राप्त दावा-आपत्तियों की सूक्ष्म जांच के बाद ही अंतिम सूची जारी की जाए। इस दौरान चन्द्रभूषण ठाकुर,मीरा ठाकुर, अमलेस ठाकुर, राकेश शर्मा, माया वैद्य, कृष्णा बघेल रेखा देवी पासवान, वृंदा सहगल,पार्वती सर्वा, सूदन मौर्य, आशानिधि आनंद, सोमारु बघेल, मंगलू कश्यप, तुलसीराम साहू, संगीता गोस्वामी, रघुनाथ कश्यप, मोतीराम कश्यप, केशव मडन सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### शीघ्र समाधान का भरोसा

संयुक्त संचालक ने मांगपत्र के सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं को विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में पूरी निष्ठा से योगदान दें। संघ पदाधिकारियों ने भी विश्वास जताया कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में ईमानदारी से कार्य करेंगे।







# भवन बनाने वालों को याद कर जलाए गए मोमबत्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चन्दैय्या मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च (लाल चर्च) के द्वारा 92वां स्थापना दिवस शाम 6:30 से रात्रि 9 बजे तक धूमधाम से मनाया गया। रेव्ह. शाम्यूएल सुना के द्वारा वचन पर मनन किया गया एवं

- लाल चर्च का 92वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

आराधना का संचालन रेव्ह. लॉरेंस दास ने किया।



इस अवसर पर कलीसिया के उन प्रिय जनों को स्मरण किया गया जो गत वर्ष प्रभु में सो गए उन्हें भावात्मक श्रद्धांजलि दी गई। संडे स्कूल के बच्चों ने मसीही गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात शासकीय व अशासकीय कर्मचारियों का जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं उन्हें पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सोशल समिति अध्यक्ष मनीष सीरिल ने बताया कि इस अवसर पर रजनीन्द्र डेनियल व मीना सेनापति ने लाल चर्च के इतिहास की जानकारी दी। जिसे अनुषा जॉन, ह्यूबर्ट जेनसन सोमा, रजनीन्द्र डेनियल व प्रियश दयाल ने लिखा था। इस अवसर पर इतिहास पर आधारित पुस्तक का विमोचन अतिथियों ने किया। समाज के लोगों ने लाल चर्च प्रांगण में मोमबत्ती प्रज्वलित कर उन पूर्वजों को स्मरण किया जिन्होंने लाल चर्च भवन को बनाने में तन मन धन से सहयोग किया जो आज हमारे बीच नहीं रहे। अंत में केक काटकर और आतिशबाजी कर 92वां स्थापना दिवस संपन्न किया गया।

संचालन जॉयस लॉरेंस सिंग ने किया। सोशल समिति अध्यक्ष मनीष सीरिल ने आभार माना जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। 92 वर्षों कि इस आस्था यात्रा को यादगार बनाते हुए चर्च के सदस्यों ने कहा कि यह आयोजन केवल वर्षगांठ नहीं बल्कि कृतज्ञ और सेवाभाव का प्रतीक है जो आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

स्थापना दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में चर्च संचालन समिति अध्यक्ष प्रवीण लाल, मिशन सोसायटी अध्यक्ष जोयल बेचक, पूर्व समिति अध्यक्ष नोएल पुरुषोत्तम, पूर्व संचालन समिति अध्यक्ष अरुण भूषणम, पूर्व संचालन समिति अध्यक्ष निखिल राज दास और ग्रामीण क्षेत्र से आए पासवान और मिशनरी उपस्थित रहे।

